दिनांक-20जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सड़क पर कचरा फेंकने पर लगाया गया 2000 रूपये जुर्माना, दो दुकानों से 52 पैकेट डिस्पोजल गिलास जप्त

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज संजयनगर , सुपेला, कोहका, जुनवानी, दुर्गानगर, कैलाशनगर सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास, तथा व्यवसाय में घरेलू गैस का उपयोग करने वालों पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड की वसूली की। निगम क्षेत्रांर्गत विभिन्न व्यापारियों द्वारा प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास विक्रय करते पाए जाने उसे जप्त कर जुर्माना वसूला गया तथा उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर वार्ड क्र. 16 में सड़क बाधा करने वाले अजय ट्रेडर्स से जुर्माना वसूल किए। नगर पालिक निगम , भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने संजयनगर , सुपेला, कोहका, जुनवानी, दुर्गानगर, कैलाशनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किराना दुकान, बाजार एवं दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल , कैरीबैग, पानी पाउच का विक्रय तथा बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की और 15300 रुपये अर्थदंड वसूल किए।

जनसम्पर्क.अधिकारी